प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में दुर्लभ और महत्वपूर्ण खनिजों की संभावनाओं को लेकर बड़े पैमाने पर भूगर्भीय सर्वे शुरू हुआ है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। इस पर कोडरमा की सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सर्वे में इन खनिजों की उपस्थिति प्रमाणित होती है, तो यह कोडरमा और देश दोनों के औद्योगिक एवं रणनीतिक विकास के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि सिद्ध होगी।

****

राष्ट्र आज पुलवामा आतंकी हमले की सातवीं बरसी पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। **उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन** ने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि सुरक्षा कर्मियों का सर्वोच्च बलिदान प्रत्येक नागरिक को सशक्त तथा सुरक्षित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करेगा। **वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने कहा कि शहीद जवानों की राष्ट्र के प्रति निष्ठा, संकल्प और सेवा देशवासियों की सामूहिक चेतना में जीवित रहेगी। इधर **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार**, **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन** और **रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ** ने कहा कि शहीद जवानों का बलिदान आतंकवाद के विरुद्ध सतर्क, एकजुट और मजबूत रहने की प्रेरणा देता है।

****

राज्य सरकार ने जमीन हड़पने और भूमि विवाद जैसे मामलों पर रोक लगाने के लिए राज्यस्तरीय समिति का गठन किया है। समिति का अध्यक्ष अपर मुख्य सचिव मस्तराम मीणा बनाये गये हैं। यह समिति दूसरे राज्यों में जमीन कब्जा रोकने के लिए लागू कानून का अध्ययन करेगी और अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। समिति जरूरत पड़ने पर नये कानून बनाने पर भी सुझाव दे सकती है।

****

राज्य निर्वाचन आयोग ने 23 फरवरी के नगरपालिका आम निर्वाचन को लेकर नगर पालिका क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस दिन सभी सरकारी कार्यालय और प्रतिष्ठान बंद रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

****

एनआईए की विशेष अदालत ने पीएलएफआई के छह सक्रिय सदस्यों को आतंक, अवैध हथियार और लेवी वसूली के मामले में 10–10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। गौरतलब है कि दिसंबर 2018 में लातेहार के बालूमाथ थाना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद बरामद हुआ था, जिसकी जांच एनआईए ने अपने हाथों ली थी।

****

झारखंड विधानसभा में विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का हवाला देते हुए राज्य सरकार पर एसीबी और पुलिस के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजनीतिक विरोधियों को डराने और फर्जी मामलों में फंसाने के लिए एजेंसियों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

****

झारखंड के कुख्यात अपराधी विक्रम शर्मा की देहरादून में गोली मारकर हत्या कर दी गयी। जिम से बाहर निकलने के दौरान पहले से घात लगाए दो हमलावरों ने उस पर सामने सेे गोली मार दी। गोली लगते ही उसकी मौत हो गई। गौरतलब है कि विक्रम शर्मा का आपराधिक नेटवर्क झारखंड, विशेषकर जमशेदपुर में फैला हुआ था।

****

महाशिवरात्रि को लेकर देवघर स्थित बाबा मंदिर और रांची पहाड़ी मंदिर समेत राज्यभर में तैयारी पूरी कर ली गई है। इधर पाकुड़ जिले की पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने शिव बारात के दौरान जवानों सहित पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती का आदेश दिया है। पाकुड़ में महाशिवरात्रि के मौके पर कल धर्म जागरण मंच की ओर से भव्य शिव बारात निकालने की तैयारी है। मंच के संयोजक विश्वनाथ भगत ने बताया कि तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

****

रांची रेल मंडल ने रांची–लोहरदगा–डालटनगंज मार्ग पर पहली बार शटल ट्रेन चलाने का प्रस्ताव तैयार किया है। इस नई रेल सेवा के शुरू होने से यात्रा का समय कम होगा और आम यात्रियों की जेब पर पड़ने वाला बोझ भी घटेगा। रांची रेल मंडल ने इस प्रस्ताव को अंतिम स्वीकृति के लिए मुख्यालय भेज दिया है।

********समाप्त**************